फुटबॉल खिलाडी अंशिका मलिक का भारतीय टीम में चयन

दिनांक 14 अक्तूबर 2023 को हिंदू कन्या महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशिका मलिक का भारतीय फुटबॉल टीम में कीपर के रूप में चयन हुआ है, जिसकी सूचना मिलते ही महाविद्यालय में हर तरफ खुशी का माहौल बन गया। महाविद्यालय प्राचार्या ने खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर उसे शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छोटे से गांव से संबंध रखने वाली खिलाड़ी का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना निश्चित रूप से सभी खिलाड़ियों के लिए मार्गदर्शन का कारण बनेगा। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती मीना मलिक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खिलाड़ी की मेहनत का फल है, जिसके लिए वह काफी वर्षों से संघर्षरत थी। भविष्य में भी वह इसी तरह से महाविद्यालय का नाम रोशन करेगी, इसकी हम सभी को उम्मीद है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की उपलब्धि हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। महाविद्यालय के प्रधान डॉक्टर अंशुल सिंगला जी ने कहा कि खिलाड़ी के महाविद्यालय पहुंचने पर हम सभी के द्वारा उसका भव्य स्वागत किया जाएगा, जिससे अन्य खिलाड़ियों को भी भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। हम सब की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद हमेशा उसके साथ है और आशा है कि वह अपने महाविद्यालय और भारत का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी।

पंजाब केसरी

SUN,15 OCTOBER 2023

EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

फुटबॉल खिलाडी अंशिका मलिक का भारतीय टीम में चयन

अंशिका मलिक।

जींद 14, अक्तूबर (मित्तल) :हिंदू कन्या महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशिका मलिक का भारतीय फुटबॉल टीम में कीपर के रूप में चयन हुआ, जिसकी सूचना मिलते ही महाविद्यालय में हर तरफ खुशी का माहौल बन गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधान डॉ. अंशुल सिंगला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की उपलब्धि हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है, जैसे खिलाड़ी के महाविद्यालय पहुंचने पर हम सभी के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा जिससे अन्य खिलाड़ियों को भी भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

महाविद्यालय प्राचार्या ने खिलाड़ी की उपलब्धि पर उसे शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छोटे से गांव से संबंध रखने वाली खिलाड़ी का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना निश्चित रूप से सभी खिलाड़ियों के लिए मार्गदर्शन का कारण बनेगा।

खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती मीना मलिक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खिलाड़ी की मेहनत का फल है, जिसके लिए वह काफी वर्षों से संघर्षरत थी।

भविष्य में भी वह इस तरह से महाविद्यालय का नाम रोशन करेगी, इसकी हम सभी को उम्मीद है। हम सब की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद हमेशा उसके साथ है, और आशा है कि वह भारत का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी।